(c) No, Sir. No such proposal is under consideration.

"धौली गंगा" परियोजना को मंजूरी

2399. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने "धौली गंगा" परियोजना को मंजूरी दे दी है ;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना पर कुल कितना व्यय होने का अनुमान है और इसकी क्षमता कितनी है ; और

(ग) इस परियोजना के लिये कितनी विदेशी सहायता ली गई है ?

ऊर्जा मंत्रालय के विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) धौली गंगा जल विद्युत परियोजना चरण-I (280 मे०वा०) को केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जनवरी, 1988 में 394.91 करोड़ रुपये की लागत के लिये तकनीकी-आर्थिक दृष्टि से स्वीकृत कर दिया गया । परियोजना के सम्बद्ध पारेषण प्रणाली को भी केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा अगस्त, 1988 में 116.13 करोड़ रुपये की लागत के लिये तकनीकी-आर्थिक दृष्टि से स्वीकृत कर दिया गया । सम्बद्ध पारेषण प्रणाली हेतु वन्य दृष्टि से स्वीकृति दिये जाने सहित विभिन्न स्वीकृतियां मिल जाने के बाद परियोजना पर निवेश सम्बन्धी निर्णय हेतु आगे कार्यवाही की जायेगी ।

(ग) इस परियोजना के लिये विदेशी-सहायता प्राप्त किये जाने के लिये इस समय कोई प्रस्ताव नहीं है ।

नियुक्ति के मामले में पूर्वोत्तर इलैक्ट्रिक विद्युत निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक द्वारा की गई अनियमितताएं

2400. **श्री राम अवधेश सिंह :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर इलैक्ट्रिक विद्युत निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक ने संगठन में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपने दामाद तथा मुख्य अभियन्ता (सिविल) के रूप में अपने बहनोई को नियुक्त किया है जबकि उनका बहनोई वास्तव में एक कृषि अभियन्ता है ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है और इन अनियमितताओं के लिये सरकार इस अध्यक्ष के विरुद्ध क्या कारवाई करने का विचार रखती है ?

ऊर्जा मंत्रालय के विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) उत्तर पूर्वी विद्युत शक्ति निगम (नीपको) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कोई पुत्री नहीं है अतः उनके दामाद को प्रशासनिक अधिकारी के रूप में नियुक्त करने का प्रश्न ही नहीं उठता । उनके बहनोई जोकि इंगलैंड और अमरीका से एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग में स्नातक होने के साथ-साथ सिविल इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर योग्यता रखते हैं, की नीपको में नियुक्ति वर्तमान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के कार्यभार संभालने के बहुत पहले की गई थी । मुख्य अभियन्ता के ग्रेड में उनकी पदोन्नति उच्च अधिकार प्राप्त चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई थी ।

New strategy for rural Electrification

2401. SHRI SURESH PACHOURI : Will the Minister of ENERGY be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a new strategy for rural electrification is being considred ;

(b) whether the new strategy envisages the use of alchol produced from the indigenous sweet sorghum plant to light up houses in the villages without electricity ; and

(c) if so, by when the proposal is likely to be given effect to?